an>

Title: Need to facilitate setting up of cluster of Jaggery Processing Units in Western Maharashtra.

*m01

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) ः हर व्यक्ति को गुड़ (जांगरी) का मेडिकल और न्यूट्रिशनल महत्व पता है। जबकि देश के गन्ना उत्पादक किसान गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य न मिलने से परेशान हैं। इस हालात में देश क विशेषकर पश्चिमी महाराष्ट्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक जैसे और भी कुछ जगह पारंपरिक तरीकां से गन्ना उत्पादक किसानों को गुड़ उद्योग (जांगरी इंडस्ट्री) कुछ हद तक आर्थिक सपोर्ट दे सकती है। इससे किसान का वैल्यू एडिशन (मूल्य वर्धन) होगा।

गुड़ का भले ही उपयोग अलग-अलग तरीकों के उत्पादनों में होता है। वो भले ही बिखरा हुआ हो लेकिन गुड़ की जरूरत तो सबको होती है। उच्च क्वालिटी के गुड़ उत्पादों से अन्य चीजों के मुकाबले बहुत ही सस्ती दर पर मानवीय शरीर को लौह, कैल्शियम आदि तत्व मिलते हैं।

देश के कुछ हिस्से ऐसे हैं जैसे कि पश्चिमी महाराष्ट्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक आदि जहां पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल करके गुड़ का उत्पादन किसान वर्षों से करता रहा है।

इसलिए मेरी सरकार से पुरज़ोर विनती है कि देश के जिन हिस्सों में गुड़ का उत्पादन बड़े पैमाने पर हो रहा है, वहां गुड़ का क्लस्टर (जांगरी क्लस्टर) विकसित करके उस एरिया के गन्ना गुड़ उत्पादन किसानों के व्यापार (बिजनेस) को सपोर्ट देने की आवश्यकता है।

पश्चिमी महाराष्ट्र के किसान इस जांगरी क्लस्टर को खड़ा करने के लिए कदम आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, उनको सिर्फ सरकार की तरह से लैब एनालिसिस की सुविधा और कुछ जरूरी इफ्रास्ट्रक्चर जैसे कि गोदाम, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट की सुविधा सरकार की तरफ से देने की जरूरत है जिससे कि वो अपनी कड़ी मेहनत से उच्च दर्जे के गुड़ का उत्पादन कर सके।

14.11 hours